## खबर संक्षेप



### सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने गोविंदपुरी इलाके में चल रहे एक सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़ कर इसके सरगना समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सरगना की पहचान अशोक कुमार उर्फ काले (55) के रूप में हुई है। अन्य लोगों के नाम रोहित गुलाटी, संजू, विष्णु, राशिद, मेहताब आलम, मुस्ताक अंसारी, रूहीदास, गुफरान, मेहफूज और धर्मेंद्र है। पुलिस ने बताया कि काले अपने बेटे संजू और भतीजे रोहित गुलाटी की मदद से गोविंदपुरी में दो स्थानों से सट्टेबाजी रैकेट का संचालन कर रहा था। काले खेलों के लिए दांव लगवाता था। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुरी में दो स्थानों पर छापेमारी की गई थी। 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से करीब 83 हजार रुपये नकदी और अन्य सामग्री जब्त की गई।

### विकास लगरपुरिया गिरोह का शूटर पकड़ा

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने विकास लगरपुरिया गिरोह के शूटर अमित (32) उर्फ मिट्ठा को गिरफ्तार किया है। इस पर हत्या के प्रयास समेत कई मामले दर्ज थे। रोशनपुरा, नजफगढ़ निवासी शूटर को द्वारका सेक्टर 23 के पास से पकड़ा गया है। इसके पास से 0.32 बोर का देशी कट्टा और तीन कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार अमित दिल्ली-एनसीआर में लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित आठ से अधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी 2016 से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय है और गुरुग्राम में वाहन कब्जाने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अमित अपने एक साथी के साथ वारदात की योजना बना रहा है और उससे मिलने द्वारका में आएगा। इसके बाद अपराध शाखा ने जाल बिछाकर उसे पकड़ लिया। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य बदमाशों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### दमकल ने 10 ई रिक्शा को जलने से बचाया

# बिल्डिंग की पार्किंग में आग, 17 ई रिक्शा और दो बाइक खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा इलाके के मोहनपुरी, घोंडा इलाके में रविवार सुबह एक रिहायशी इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर भीषण आग लग गई। इससे पार्किंग में खड़े 17 ई रिक्शा और दो बाईक जलकर खाक हो गए। आग ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट से शुरू हुई और काफी तेजी से फैली। दमकल विभाग ने 10 ई रिक्शा को आग में जलने से बचा लिया। आग शाफ्ट के जरिये ऊपरी मंजिल तक पहुंचने से पहले ही उस पर काबू पा लिया गया।

दमकल विभाग के अनुसार कंट्रोल रूम को रविवार तड़के 4:34 बजे पर आग लगने की सूचना मिली थी। गोकुलपुरी फायर स्टेशन के दर्जनभर फायर कर्मियों की टीम दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। लगभग 10 ई रिक्शा को पार्किंग से समय रहते निकाल लिया गया। साथ ही शाफ्ट से ऊपरी मंजिलों तक आग पहुंचने का जो खतरा बना हुआ था, फायर टीम ने समय रहते उस पर काम करते हुए आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के मुताबिक 5 बजकर 25 मिनट पर आग बुझा ली गई थी। हालांकि इसके बाद कूलिंग कार्य चलाया गया। आग में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। आसपास के लोगों का कहना है कि समय रहते दमकल विभाग मौके पर ना पहुंचता तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि ऊपर की तीन मंजिलों पर कई परिवार रहते है। रेस्क्यू टीम ने समय रहते सभी लोगों को बाहर निकाल लिया था। एहतियातन आसपास की इमारतों को भी खाली करवा लिया गया था।

# यूपी के विधायक राजा भैया के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के कुंडा से बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी सिंह ने घरेलू हिंसा का केस दर्ज करवाया है। यह केस साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के सफदरजंग एंक्लेव थाने में दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक राजा भैया के खिलाफ सात मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक भानवी ने अपनी शिकायत में राजा भैया पर कई साल तक शारीरिक और मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पति-पत्नी विगत

■ पत्नी की शिकायत पर दर्ज हुआ केस

कई सालों से अलग-अलग रह रहे हैं। भानवी ने अपनी सास सहित अन्य ससुराल वालों पर भी उत्पीड़न का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता भानवी सिंह ने पुलिस को बताया कि शुरू में अपनी शादी को बचाने के लिए कानूनी कार्रवाई से परहेज किया, लेकिन उत्पीड़न जारी रहने पर उसने आगे आने का फैसला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# चोरी के मोबाइल बांग्लादेश भेजने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने चोरी के मोबाइल फोन बांग्लादेश भेजने वाले गिरोह से जुड़े एक शख्स को गिरफ्तार किया है। वह 48 महंगे मोबाइल फोन लेकर भागने की कोशिश कर रहा था। इन चोरी किये हुए मोबाइल फोन को बांग्लादेश में बेचा जाना था। पकड़े गये आरोपी शख्स का नाम अब्दुश (24) है। इसे पश्चिम बंगाल से पकड़ा गया। इसके पास से बरामद मोबाइल की कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार जांच में सामने आया था कि संगठित गिरोह दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय हैं, जो मेट्रो स्टेशन, बसों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में लोगों को निशाना बनाता है। चोरी किए गए मोबाइल फोन को तुरंत दिल्ली से बाहर ले जाया जाता था ताकि पुलिस उनका पता आसानी से ना लगा पाये। अधिकारी ने बताया कि चोरी के मोबाइल फोन तस्कर दो से तीन हजार रुपये में फोन खरीदते है और उन्हें पश्चिम बंगाल ले जाते थे। वहां उन्हें 'मॉडिफाई' कर बांग्लादेश में 8 से 10 हजार रुपये प्रति फोन की दर से बेचा जाता था। सूचना के आधार पर पुलिस ने सलीमगढ़

■ पुलिस ने एक शख्स को किया गिरफ्तार

बाईपास के पास जाल बिछाया और अब्दुश को चोरी किये गये 48 महंगे मोबाइल फोन की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया। अब्दुश ने पूछताछ के दौरान पिछले 18 महीनों में 800 से ज्यादा चोरी के फोन की तस्करी करने की बात कबूली है। शुरुआत में कबाड़ी का काम करने वाले अब्दुश को समीर और सलीम नाम के लोगों ने अवैध व्यापार में फंसाया था। पुलिस अब इसके साथियों की पहचान करने और दिल्ली, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में फैले उसके नेटवर्क को खत्म करने के काम में जुटी है। तस्करी के रास्तों का पता भी लगाने का प्रयास जारी है।

### औषधीय पौधों की खेती एवं मार्केटिंग पर बैठक का आयोजन

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में एमिटी सेंटर फॉर एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन सर्विसेज, एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा द्वारा दो दिवसीय (8-9 मार्च) एक विशेष हितधारक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य औषधीय पौधों के कटाई-उत्तर प्रबंधन, मूल्य संवर्धन एवं विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करना था। इस बैठक में कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, व्यापारियों, किसानों और विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद डॉ. राकेश कुमार, एसएमएस (बागवानी), केवीके, उजवा ने स्वागत भाषण दिया।

# 156 किलोग्राम गांजा सहित, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 156 किलो गांजा बरामद हुआ। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 78 लाख रुपये के आसपास आंकी गई है। पकड़े गये आरोपियों के नाम विजय सिंह और अमित बताये गये हैं।

पुलिस के मुताबिक हाल ही में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले कुछ लोगों की गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। राजौरी गार्डन पुल के पास जाल बिछाया



गया। इस दौरान राजस्थान के रहने वाले विजय सिंह (43) को रोका। उसकी एसयूवी कार की तलाशी ली गई, जिसमें 75 प्लास्टिक की बोरियों में गांजा भरा हुआ था। पूछताछ में विजय ने बताया कि वह मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले विनीत नामक व्यक्ति के लिए काम करता है और नागपुर से मादक पदार्थ खरीदता है। उसने बताया कि आरोपी का मुख्य काम दिल्ली के सोनिया विहार निवासी अमित को मादक पदार्थ की खेप पहुंचाना था। इसकी निशानदेही पर अमित को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि अमित, विनीत का करीबी रिश्तेदार था और दिल्ली एनसीआर में संभावित खरीदारों को गांजा पहुंचाता था। अमित पहले भी कई अपराधों में शामिल रह चुका है। वह आबकारी से संबंधित चार और बलात्कार के एक मामले में भी संलिप्त पाया गया है।

# महिला से चार लाख के गहनें ठगने वाले तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की एंटी स्नैचिंग सेल और पालम पुलिस ने एक वृद्ध महिला से धोखे से चार लाख रुपये के गहनें ठगने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम प्रेम (22), राहुल (25) और पूनम (35) है। ये सभी गड्डी गैंग के सदस्य बताये गये हैं। इन्होंने बाजार में एक वृद्ध महिला को नकली नोट दिखाकर इस कारनामे को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार ठगों ने महिला को भरोसे में लेकर उससे चार लाख रुपये के गहनें ले लिए थे और बदले में जाली नोट थमा फरार हो गये थे। यह घटना 19 फरवरी को सामने आई थी। महिला को जब ठगी का पता चला तो उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में



प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों को पकड़ने के लिए लगभग 10 किलोमीटर के इलाके में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। तीनों आरोपियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ताकि इनके द्वारा अंजाम दी गई इस तरह की अन्य घटनाओं के बारे में भी पता चल सकें। आरोपी राहुल पहले भी कृष्णा नगर थाने में दर्ज ठगी के एक मामले में शामिल रह चुका है।

# जमकर खेलो होली, धुलेंडी पर खुशनुमा मौसम के बीच हल्की बूंदाबांदी कर सकती है सरोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इस बार होली (धुलेंडी) के मौके पर दिल्ली में जहां मौसम खुशगवार रहेगा वहीं आसमान भी होली खेलने सकता है। अनुमान है कि धुलेंडी के दिन दिल्ली एनसीआर में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) का कहना है कि दिल्ली में एक बार फिर मौसम करवट ले रहा है। सोमवार से सूरज की तपिश बढ़ने के साथ ही पारे में भी बढ़ोत्तरी होने की प्रबल संभावना दिख रही है। मौसम विभाग ने साफ कहा है कि अगले 5 दिनों में दिल्ली का तापमान बढ़ने की प्रबल संभावना है। अगर यह भविष्यवाणी सही साबित हुई तो इस बार लोगों को ठंड के डर से होली खेलने से बचना नहीं पड़ेगा। धुलेंडी के रंग में हल्की बूंदाबांदी अपना रंग घोल सकती है। आईएमडी के अनुसार वीकेंड रविवार को मौसम के गर्म मिजाज के चलते अधिकतम पारा बढ़कर 32.8 डिग्री सेल्सियस



पहुंच गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार वहीं न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से महज माइंस 05 डिग्री सेल्सियस ही अधिक है। आईएमडी का कहना है कि मौसम में बदलाव के चलते दिल्ली का मौसम बदलने वाला है, पहले बारिश का दौर खत्म हुआ, फिर हवाओं का दौर खत्म हुआ और अब गर्मी परेशान करने की तैयारी में है। अगले 4 से 5 दिनों में दिल्ली के तापमान में अच्छी खासी बढ़त देखने को मिलेगी। एक पश्चिमी विभोक्ष फिर से एक्टिव होने वाला है, जिसके कारण धुलेंडी के दिन हल्की बारिश होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं 11 और 12 मार्च को दिल्ली में पुन तेज हवाएं चलेंगी जिनकी गति 30 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। वहीं रविवार यानी 9 मार्च से लेकर 13 मार्च के बीच दिल्ली के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, जिसकी शुरुआत हो गई है। इस दौरान राजधानी का अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक भी हो सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 18 से 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने वाला है। धुलेंडी के दिन 14 तारीख से मौसम जैसे ही बदलेगा दिल्ली में उससे अगले 1 से 2 दिनों के लिए तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जाएगी। लेकिन एक दो दौर के बाद फिर से दिल्ली गर्मी की और बढ़ेगी और सूरज परेशान करने लग जाएगा।

## बिजली की मांग में भारी गिरावट हो रही है दर्ज खपत का आंकड़ा 3800 मेगावाट के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मौसम की मेहरबानी से इन दिनों दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग में भारी कमी देखने को मिल रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार रविवार को बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 3796 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग का ग्राफ 1797 मेगावाट रहा। एसएलडीसी के अनुसार शनिवार को अधिकतम मांग का आंकड़ा 3842 मेगावाट दर्ज हुई थी, जबकि न्यूनतम मांग का ग्राफ 1869 मेगावाट रहा था। बिजली की मांग घटने के बावजूद कई क्षेत्रों में कटौती की खबरों से बिजली आपूर्ति कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस ने सहमति नहीं जताई। दोनों कंपनियों का दावा है कि इन दिनों बिजली की मांग वैसे ही सामान्य से नीचे दर्ज हो रही है। ऐसे में बिजली काटने का कोई कारण ही नहीं है। कंपनियों का दावा है कि समर एक्शन प्लान पूरी तरह तैयार है अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसमें आगामी गर्मियों के पीक डिमांड को पूरा करने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। कंपनियों ने कहा कि गर्मियों के दौरान बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद कटौती नहीं की जाती। क्योंकि पारंपरिक ऊर्जा के अलावा सोलर व पवन ऊर्जा से जरूरत के अनुसार बिजली प्राप्त होगी। कंपनियां ने कहा कि 2024 में बिजली की ऐतिहासिक मांग का आंकड़ा 8200 मेगावाट से अधिक दर्ज हुआ था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया था।

### जनजातीय क्षेत्रों से आए 300 से अधिक जनजातीय छात्र बने सहभागी

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया तीन दिवसीय छात्र संसद का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय छात्र संसद का शुभारंभ रविवार को नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में हुआ। रविवार को जनजातीय छात्र संसद पूरे दिन चली, जिसमें देशभर के जनजातीय क्षेत्रों से आए 300 से अधिक जनजातीय छात्र सहभागी बने। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गादास उइके, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री उपस्थित रहे। इसके साथ विशेष उपस्थिति के रूप में एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी, एबीवीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष




मंडावी, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। इस महत्वपूर्ण संसद सत्र में देशभर की 124 से अधिक जनजातियों का प्रतिनिधित्व रहा, जिसमें विशेष रूप से बैगा, सहरिया, मारिया, मोडिया जैसी अति पिछड़ी जनजातियों के छात्र भी अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर मंच पर उपस्थित हुए। जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु के विभिन्न जनजातीय क्षेत्र जैसे रजौरी, छोटा नागपुर, बासवाड़ा, बस्तर, गढ़चिरौली, नंदुरबार समेत विभिन्न वनवासी क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों ने शिक्षा और सरकारी योजनाओं की उपलब्धता एवं उनके क्रियान्वयन को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जनजातीय छात्र समुदाय की शिक्षा एवं रोजगार की स्थिति, स्वाभिमान और देश की विकास यात्रा में जनजाति समाज की भूमिका, तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए।

### दिल्ली नगर निगम बजट सत्र में कांग्रेस दल की चर्चा आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की विशेष बजट सत्र बैठक में आज सोमवार को चर्चा होगी या फिर हंगामा, यह निगम अधिकारियों और पार्षदों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। बता दें कि निगम अधिकारियों का कहना है कि निगम मुख्यालय में आयोजित होने वाली मासिक सदन की अधिकतर बैठकों में हंगामा ही होता रहा है जिस पर अधिकारियों व जनता द्वारा भी कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। वहीं, विशेष सदन का बजट सत्र एक ऐसा विषय है जिसमें नेता विपक्ष, नेता सदन व पार्षदगण अपनी बात रखते हैं और उन पर निगम प्रशासन अमल कर वित्त वर्ष के लिए आगे की रणनीति बनाता है कि कितनी राशि राजस्व से अर्जित होनी है और कितनी राशि वेतन, जन सुविधाओं आदि पर खर्च होनी है। इसके साथ ही ऐसी बैठकों पर लाखों रुपए में खर्चा आता है और परिणाम देखें तो सिर्फ हंगामा ही रहता है।

# डीएसजीपीसी महासचिव काहलो ने सरना बंधुओं पर पंथ को बदनाम करने के लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) के महासचिव जगदीप सिंह काहलो ने दिल्ली से अकाली दल के नेता परमजीत सिंह सरना और उनके भाई हरविंदर सिंह सरना पर पंथ को बदनाम करने के गंभीर आरोप लगाए है। रविवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए काहलो ने कहा कि सरना भाइयों ने हमेशा श्री अकाल तख़्त साहिब के साथ टकराकर सिख क़ौम का ही नुकसान किया है। इस मौके पर काहलो के साथ कार्यकारी अध्यक्ष हरविंदर सिंह के.पी., मीत प्रधान आत्मा सिंह लुबाना और धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जसप्रीत सिंह कर्मसर आदि मौजूद थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरना बंधुओं की वजह से एक बार फिर पंथ पर संकट दिख रहा है। जबकि सरना भाइयों ने हमेशा की तरह इस बार भी श्री अकाल तख़्त



साहिब के साथ टक्कर लेकर पंथ का नुकसान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पहले ज्ञानी हरप्रीत सिंह और अब ज्ञानी रघबर सिंह तथा ज्ञानी सुल्तान सिंह की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। जहां इस फैसले का अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया सहित पूरा पंथ विरोध कर रहा हैं। शिरोमणि कमेटी के इस फैसले की निंदा कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अकाली दल के नेता परमजीत सिंह सरना और उनके भाई हरविंदर सिंह सरना हमेशा की तरह इस मामले पर जत्थेदार साहिबानों को हटाने के फैसले को सही ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब सरना भाई ऐसा कदम उठा रहे हैं। पहले भी सरना भाइयों ने श्री अकाल तख़्त साहिब के साथ टकराव लेकर दो-दो संग्रांदों और दो-दो गुरपुरबों पर क़ौम में द्वंद्व पैदा किया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी सरना भाई बादल दल के उन फैसलों का समर्थन कर रहे हैं, जिन्होंने समुचे सिख क़ौम के दिलों को चोटिल किया है। उन्होंने कहा कि पूरी क़ौम ही 2 दिसंबर के हुकमनामे के बाद सिंह साहिबानों के खिलाफ हुई कार्रवाई से बहुत दुखी और मायूस है, लेकिन सरना भाई खुश हैं। उन्होंने कहा कि सरना भाइयों ने हरियाणा में कांग्रेस नेतृत्व वाली हुड्डा सरकार के दौरान अलग हरियाणा कमेटी बनाई थी और शिरोमणि कमेटी को दोफाड़ किया था। सरना भाइयों ने 1984 के सिख कत्लेआम के क़ातिलों को हमेशा संरक्षण देकर समय-समय पर सार्वजनिक तौर पर सम्मानित भी किया है। सरना भाई हमेशा पंथ को नुकसान पहुंचाते आए हैं।

**खबर संक्षेप**

## विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब द्वारा गांव भनकपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गय। इस अवसर पर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने हरियाणा पुलिस एडीजीपी एवं एंटी करप्शन ब्यूरो के चीफ आलोक मित्तल ने मुख्य अतिथि के रूप में और विशिष्ठ अतिथि जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव बिजेंद्र सौरोत रहे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक मित्तल का स्वागत पूर्व सरपंच सचिन मडोतिया, जीतन रावत आदि।



## ठगी करने वाले गिरोह के 5 आरोपियों को दबोचा

**फरीदाबाद।** आजकल के तकनीकी युग में टेक्नोलॉजी का सदुपयोग के साथ-साथ दुरुपयोग भी किया जा रहा है। जिसमें साइबर ठग तकनीकी का गलत उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिनके मामले फरीदाबाद में भी सामने आ रहे हैं मामले में फर्जी लोन बनाने के नाम पर 30,738 की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के दो महिला सहित पांच आरोपियों को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।



## ठगी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी प्रकाश सिंह उर्फ भोला को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गिरफ्तार आरोपी प्रकाश सिंह उर्फ भोला गाजीपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जो वर्तमान में इस्माइलपुर पल्ला में रहता है। टीम ने गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नये पल्ला पुल से काबू किया है।



**वृंदावन की मंडली ने बृज की रासलीला व फूलों की होली भी खेली**

# राजनगर में वेलफेयर एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह में मंत्रियों के साथ अधिकारियों की शिरकत ने रंग जमाया

होली मिलन समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा,राज्यमंत्री मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, वरिष्ठ समाज सेवी व पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल सहित बतौर अतिथि शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने राजनगर रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा,राज्यमंत्री मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, वरिष्ठ समाज सेवी व पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, पार्षद प्रवीण चौधरी और अजय शर्मा, अशोकमोंगा,अनिल सांवरिया के साथ-साथ नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन वरिष्ठ आईएएस संतोष यादव, पूर्व आई ए एस वी पवार आदि बतौर अतिथि शामिल हुए। वरिष्ठ पत्रकार शायर एवं कवि राज कौशिक के संचालन में हास्य सम्राट अनिल अग्रवंशी, हास्य देव सुनहरी लाल तुरंत और युगकवि डॉ कुमार विश्वास के परम शिष्य युवा हास्यश्री कुशल कुशलेंद्र, वृंदावन की मंडली ने बृज की रासलीला व फूलों की होली भी खेली गई। राजनगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डीके गोयल, योगाचार्य देवेंद्र हितकारी समेत की पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

**खास बातें**

- रामलीला मैदान में समारोह का आयोजन किया गया
- बृज की रासलीला व फूलों की होली खेली गई
- हास्य कवियों ने सबको खूब हंसाया



**मंत्री नागर ने कहा-व्यापार को नई गति मिल सके इसके लिए कई योजनाएं लाई जाएंगी**

# देश व प्रदेश को समृद्ध बनाने में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदानः मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद ऑयरन एण्ड स्टील टेड्रस एसोसिएशन(फिस्टा) की वार्षिक आम सभा बड़खल रोड़ स्थित सल्तनत गार्डन में संपन्न हुई।

इस सभा में हरियाणा के केबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्यमंत्री राजेश नागर मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर फिस्टा के प्रधान सीपी कालरा, उपप्रधान मुकेश बंसल, महासचिव राकेश गुप्ता, संयुक्त सचिव देवेन्द्र गर्ग, कोषाध्यक्ष रिन्कू बंसल व कार्यकारिणी सदस्य अमन गुप्ता, अंकुर गोयल,भारत कालरा, बीएस देशवाल, सूयाश लोहिया व विवेक बंसल ने सभा में आमंत्रित अतिथिगणों का स्वागत फूलों को गुलदस्ता भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर किया। इस अवसर पर फिस्टा के प्रधान सीपी. कालरा ने अपने संबोधन में लोहा मण्डी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि देश व प्रदेश को समृद्ध बनाने में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान होता है और यदि व्यापारियों को कोई समस्या आती है तो यह सरकार के वित्तीय ढांचे को भी प्रभावित कर सकती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा ही व्यापारियों की हितैषी रही है और समय-समय पर ऐसी योजनाएं लाती रही है जिससे व्यापारियों को लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि व्यापारियों को अब किसी भी प्रकार की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योकि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश व प्रदेश को विकास की नई ऊचाईयों पर ले जाने के लिए कटिबद्व है।



केबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्यमंत्री राजेश नागर ने किया फिस्टा की डायरेक्टरी का विमोचन करते हुए।

**डायरेक्टरी का विमोचन किया**

इस मौके पर राज्यमंत्री राजेश नागर ने भी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि अब उनकी समस्याओं को जड़ से खत्म करने की दिशा में काम किया जाएगा और उनके व्यापार को नई गति मिल सके इसके लिए भी कई योजनाएं उनके लिए लाई जाएगी। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों द्वारा फिस्टा की डायरेक्टरी का भी विमोचन किया गया।

**मंत्री केशव मौर्य ने वसुंधरा में 'श्रीति वाटिका' का किया शुभारंभ**

## पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा :मौर्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को वसुंधरा के सेक्टर-5 में वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव की दिवंगत पुत्री 'श्रीति यादव' की स्मृति में नगर निगम के द्वारा विकसित पार्क 'श्रीति वाटिका' का लोकार्पण किया।

उन्होंने श्रीति वाटिका पार्क का नामकरण किया और रिबन काट करके आधुनिक संसाधनों से युक्त शानदार ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि 'श्रीति वाटिका' पार्क का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो लोगों को स्वास्थ्य, हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगा। इसके बाद उप मुख्यमंत्री वसुंधरा सेक्टर - 5 में वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव के घर पहुंच कर उनकी दिवंगत बेटी 'श्रीति यादव' के चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के साथ भावनात्मक क्षण को साझा किया।

इस अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक, गाजियाबाद के शहर के विधायक संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, वार्ड 54 वसुंधरा के पार्षद सतेंद्र चौधरी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने की और संचालन पूर्व विधायक रूप चौधरी ने किया। इस अवसर पर श्रीति यादव के पिता वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव ने सभी उपस्थित गणमान्य नागरिक, अधिकारियों व लोगों का आभार व्यक्त किया।

## पूर्व विधायक ललित नागर के भाई का बीमारी से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर के छोटे भाई महेश नागर का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे और अपने पीछे पत्नी, दो बेटों, एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए है। रविवार को महेश नागर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भुआपुर के श्मशान घाट में किया गया, जहां उनके दो बेटों अंकित नागर व नितेश नागर ने उन्हें मुखाग्नि दी। महेश नागर कैंसर जैसी घातक बीमारी से ग्रस्त थे और पिछले कई महीनों से उनका इलाज मेदांता अस्पताल से चल रहा था। महेश नागर के अंतिम संस्कार में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्यमंत्री राजेश नागर, विधायक पंडित मूलचंद शर्मा, कांग्रेस विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, कांग्रेस विधायक आफताब अहमद, विधायक जोगेंद्र अवाना, विधायक सतीश फागना, पूर्व विधायक धर्मसिंह छोकर, पूर्व विधायक सतबीर सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, नगेंद्र भड़ाना आदि।



# महेंद्रगढ़ में होगा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन का राज्य स्तरीय अधिवेशन

## बैठक में नई राज्य कार्यकारिणी का चुनाव कराने का फैसला लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन का राज्य स्तरीय अधिवेशन महेंद्रगढ़ में होगा। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा की आवश्यक बैठक राज्य प्रधान बाबूलाल यादव की अध्यक्षता में रोडवेज भवन रोहतक में सम्पन्न हुई। मंच संचालन राज्य महासचिव कुलभूषण शर्मा ने किया।

बैठक में रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के जिला चुनावों की रिपोर्ट ली गई। बैठक में राज्य अधिवेशन व कार्यकारिणी के चुनाव हेतु 30 मार्च को महेंद्रगढ़ में अधिवेशन का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। इस अवसर पर नई राज्य कार्यकारिणी का चुनाव कराने का फैसला भी लिया गया। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के राज्य महासचिव कुल भूषण शर्मा ने बैठक में शिरकत कर गुरूग्राम पहुंचने पर पत्रकारों को बताया कि चुनावों के तुरंत बाद हरियाणा सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों पर अनदेखी के खिलाफ आंदोलन की घोषणा की जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से कैशलेस मेडिकल सुविधा, 65,70,75 वर्ष के बाद 5, 10 ,15 प्रतिशत बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी, फैमिली पेंशनर को एलटीसी की सुविधा, फिक्स्ड मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़ा कर 3000 करना, कमयूटेड पेंशन की रिकवरी 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष में रिकवर करने के मांग पत्र सहित अन्य मांगों पर सरकार को मांग पत्र भेजकर इसे तुरंत हल करने का अनुरोध किया जाएगा। यदि सरकार ने फिर भी रिटायर कर्मचारियों की मांगों के प्रति कोई गंभीर दृष्टिकोण न अपनाया तो आगामी अप्रैल के बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयारकर आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी।

**यह लोग उपस्थित रहेः** इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के कार्यकारी राज्य प्रधान पहल सिंह तंवर, संरक्षक प्रेम सिंह सैनी, चेयरमैन जलकरण बल्हारा, ईश्वर शर्मा, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सहकर्मी ने किया कंपनी मैनेजर से दुष्कर्म

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 थाना एरिया में कंपनी के सहकर्मी द्वारा शादी का सांझा देकर महिला मैनेजर से दुष्कर्म करने व रुपए लेने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने दिल्ली के वसंतविहार में शिकायत की थी। जहां से जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद सेक्टर-29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस में दी शिकायत में 35 वर्षीया महिला ने कहा कि उसका अपने पति से तलाक हो चुका है। वह उद्योग विहार स्थित एक कंपनी में परचेज मैनेजर है।

इसी कंपनी में ग्रुरुग्राम के सेक्टर-10 निवासी शुभम गुप्ता भी काम करता है। शुभम से उसकी मुलाकात वर्ष 2019 में कंपनी में हुई थी। इसके बाद उनके बीच बातचीत होने लगी। शुभम ने उससे शादी करने का वायदा किया। बीती 8 जुलाई 2023 को शुभम उसे सेक्टर-29 स्थित एक होटल में ले गया। जहां शादी करने का वास्ता देकर उसके साथ बार-बार रेप किया। यही नहीं आरोपी ने जम्मू के कटरा स्थित होटल में भी उसके साथ रेप किया। शुभम गुप्ता ने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार संबंध बनाए। अब उसने शादी करने के लिये मना कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

***व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की भेंट वार्ता***

# औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारीयों ने राज्य कर कमिश्नर बंसल से मुलाकात में समस्याएं बताईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग के कमिश्नर नितिन बंसल के गाजियाबाद आगमन पर जीएसटी कार्यालय में जनपद गाजियाबाद के विभिन्न औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारीयों की भेंट वार्ता हुई । जिसमें कर संग्रह बढ़ाने पंजीकरण बढ़ाने और विभाग के संबंध में आ रही समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु चर्चा हुई। डॉ.अतुल कुमार जैन व योगाचार्य। देवेंद्र हितकारी ने उद्यमियों, व्यापारियों को आ रही समस्याओं से राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल को अवगत कराया। उन्होंने शिकायत की कि सचल दल के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा छोटी-छोटी तकनीकी या क्लेरीकल गलतियों के कारण भी वाहन को रोक कर जुर्माना और टैक्स जमा करने का दबाव बनाया जाता है और कुछ मामलों में तो नियम विरुद्ध भी गाड़ियों को रोककर परेशान किया जाता है ।

व्यापारी नेताओं ने कहा कि जिन मामलों में कर चोरी का आशय न हो और छोटी-मोटी त्रुटि में नियमानुसार मामूली जुर्माना लगाकर छोड़ देना चाहिए । कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि इस विषय में जल्दी ही नियम भी बन जाएगा । स्क्रैप के संबंध में होने वाले व्यापार के कारण आ रही परेशानियों के संबंध में भी चर्चा हुई । बैठक में गाजियाबाद जनपद के जीएसटी विभाग के एडिशनल कमिश्नर्स भूपेंद्र शुक्ला, मानवेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे ।



**कश्यप-निषाद राष्ट्रीय अधिवेशन में अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने की उठी मांग**

# अध्यक्ष कश्यप ने कहा-महर्षि कश्यप जयंती पर हो राष्ट्रीय अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कश्यप-निषाद संगठन की ओर से रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिसोर्ट में कश्यप निषाद समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई है। जिसमें कश्यप-निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाने व महर्षि कश्यप जयंती पर हो राष्ट्रीय अवकाश घोषित किये जाने की मांग उठी।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की गई। नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जल्द ही सरकार से कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की जाएगी। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार से महर्षि कश्यप जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित करने की अपील की है। उधर यहां तय किया गया है कि 5 अप्रैल को कश्यप निषाद संगठन की ओर से एक महाकुंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर प्रदेश के कई राज्यों के पदाधिकारी को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही कई विशेष अतिथि भी इसमें आमंत्रित किए गए हैंदीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुईतो ओमप्रकाश कश्यप राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, जीतपाल कश्यप जिला अध्यक्ष, रवि कश्यप प्रदेश सचिव का स्वागत कार्यक्रम हुआ। इसके बाद स्वागत भाषण रामकुमार कश्यप राष्ट्रीय महासचिव द्वारा किया गया। इसके साथ ही प्रस्तावना एवं भाषण राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने संबोधित किया। उन्होंने समाज को संगठित होने के साथ ही शिक्षित और कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार भी रखें। इसके साथ ही समर्थन भाषण राजवीर कश्यप राष्ट्रीय महासचिव, समर्थन भाषण वेद प्रकाश राष्ट्रीय महासचिव और प्रेमचंद कश्यप मैनपुरी व रामदास कश्यप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा किया गया।

*नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जल्द ही सरकार से कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की जाएगी। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार से महर्षि कश्यप जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित करने की अपील की।*




**सामूहिक विवाह से लेकर अन्य विषयों पर चर्चा हुई**

इस दौरान कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारियों और विभिन्न आए अतिथियों ने कहा है कि कश्यप निषाद समाज अनुसूचित जाति के लोगों को भी साथ लेकर चलता है। उसके साथ ही विषयों पर भी इस बैठक में चर्चा की गई है। इसमें एजेंडा भी तैयार किया गया है कि अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में समाज के उत्थान और बालक बालिकाओं के सामूहिक विवाह से लेकर अन्य विषयों पर चर्चा की गई है।

## सोनू कोरी शिव दुर्गा मंदिर व कोरी धर्मशाला कॉलोनी के अध्यक्ष बने

### कोरी समाज ने माला पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



शिव दुर्गा मंदिर एवं कोरी धर्मशाला माता कॉलोनी विजयनगर का अध्यक्ष सर्वसम्मति से सोनू कोरी को चुना गया एवं कोरी समाज के वरिष्ठजनों ने सोनू कोरी को माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंच का संचालन करते हुए लेखराज माहौर ने बताया कि शिव दुर्गा मंदिर एवं कोरी समाज धर्मशाला के अध्यक्ष का चुनाव हर 2 वर्ष बाद किया जाता है और हर बार नए अध्यक्ष का चयन किया जाता है।

जो भी अध्यक्ष समाज के द्वारा चयनित होकर आते हैं। वह मंदिर समिति के उत्थान के लिए कार्य करते हैं एवं धर्मशाला के विकास के लिए अपना योगदान देते हैं। इस अवसर पर समाज के सभी सम्मानित व्यक्तियों द्वारा हेमराज माहौर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने के अवसर पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनोज कोरी पूर्व पार्षद, श्रीमती चंपा माहोर पूर्व पार्षद, नंदकिशोर माहौर,प्रकाश चंद कोरी, धनपाल कोरी, करण कोरी, कुमेर कोरी, बुद्धसैन कोरी, लाल सिंह कोरी, ओमप्रकाश कोरी एडवोकेट, सुभाष कोरी, हेमराज माहौर, लल्लू सिंह कोरी, रामगोपाल कोरी, हरिओम माहौर, जयकिशन कोरी, विनोद कोरी, देवेंद्र कोरी, गुलजार कोरी, किशन सिंह कोरी, देवेंद्र कोरी, सुरेश कोरी, रमेश कोरी, डॉक्टर अनिल कोरी, डॉक्टर कृष्ण कोरी आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## मृत अधिकारी के परिवार को मिलेगा 3.10 करोड़

**रांची।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हत्या में जान गंवाने वाले एनटीपीसी के अधिकारी कुमार



गौरव के परिवार को आर्थिक मदद देने की बात कही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मृतक के परिवार को कुल राशी 3 करोड़ 10 लाख रुपये मिली है। बच्चों को पढ़ाई और पत्नी को मासिक खर्च जैसी आर्थिक मदद दिलाने की बात कही गई है। हत्या का यह मामला झारखंड के हजारीबाग का है।

## पत्रकार की पत्नी ने डीएम को दिया मांग पत्र

**लखनऊ।** पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के परिजनों ने जिलाधिकारी को चार सूत्रीय मांग



पत्र एडीएम को सौंपा है। इसमें घटना में शामिल हत्यारोपियों की गिरफ्तारी व कठोरतम कार्रवाई, मृतक आश्रितों को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता, पत्नी को योग्यतानुसार नौकरी व बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की मांग की है। राघवेंद्र की शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## सीएम के आवास पर तैनात सिपाही की मौत

**बरेली।** बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गूला रेलवे फाटक के पास बरेली-मुरादाबाद



रेलवे ट्रैक पर एक शख्स का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर जाकर जांच की। शव के पास एक मोबाइल मिला जो लॉक था। थोड़ी देर बाद उस पर कॉल आई तो पता चला कि मरने वाला शख्स 47 बटालियन एच दल पीएससी गाजियाबाद का सिपाही अंकुर कुमार है।

## सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के वंशज पहुंचे राम दरबार

# श्रीराम के नाम में छिपा है जीवन का शाश्वत

*सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के 85 वर्षीय मुखिया गुरु प्रसाद सिंह के साथ सभी वंशजों का रामनगरी की सरहद में प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर संकल्प लेने के साल भर बाद रविवार को कुलश्रेष्ठ के दरबार में चौदह कोसी सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के वंशज पहुंचे हैं। सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के 85 वर्षीय मुखिया गुरु प्रसाद सिंह के साथ सभी वंशजों का रामनगरी की सरहद में प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत सूर्यवंश के सभी वंशजों ने श्री रामलला के दरबार में पहुंच कर माथा टेका और उनके प्रति अपनी भावांजलि अर्पित की। दर्शन पूजन के बाद मुखिया दादा गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे सूर्यवंश कुल के श्रेष्ठ हैं और उनसे हमारा आध्यात्मिक लगाव है।



### प्रभु श्री राम के दर्शन कर सूर्यवंश क्षत्रिय हुए अभिभूत

*श्रीरामलला दर्शन यात्रा के संयोजक ब्लाक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह बोले आज भगवान श्री रामलला के नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान प्रभु श्री राम को निहार कर हम सभी सूर्यवंश क्षत्रिय अभिभूत हुए हैं। वैदिक समयानुसार समाज के मुखिया दादा गुरु प्रसाद सिंह की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में क्षत्रियों ने श्री रामलला के समक्ष सिर नवा कर श्रद्धा के साथ उनका दर्शन कर आरती उतारी है। आज श्री रामलला मंदिर की भव्यता की झलक के साक्षी बन कर वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। गन्ना समिति चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि प्रत्येक रामभक्त के लिए श्रीराम उनके हृदय में वास कर सुख, सौभाग्य और सांत्वना देने वाले हैं। श्रीराम के नाम में छिपा है जीवन का शाश्वत सच।*

### पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भेलसर चौराहा पर भव्य स्वागत

कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का मां कामाख्या महोत्सव में शामिल होने के लिए आगमन पर भेलसर चौराहा पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सौरभ सिंह की अगुवाई में समर्थकों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

## प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की मुलाकात

# यूपी भाजपा अध्यक्ष और मंत्रिमंडल विस्तार पर एक घंटे तक चला मंथन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच रविवार को दिल्ली में 1 घंटे बैठक हुई. इस दौरान यूपी के कुछ मुद्दों पर चर्चा हुई।*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। पीएम मोदी के साथ सीएम योगी की यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई। इसके साथ ही यूपी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी बातचीत हुई है। सीएम योगी ने महाकुंभ आयोजन के सफल आयोजन को लेकर भी चर्चा की।

इससे पहले शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। सीएम योगी और नड्डा के बीच लंबी बातचीत हुई थी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी बात हुई थी। कुछ दिन पहले ही भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े भी लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर नामों पर चर्चा हुई थी सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को महाकुंभ की कॉफी टेबल बुक भी भेंट की। यूपी के सीएम ने एक्स पर लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा जी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हार्दिक आभार।

*यूपी भाजपा अध्यक्ष पर भी होना है फैसला*

*महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन पर बात*

*योगी की जगत प्रकाश नड्डा से भी हुई थी मुलाकात*




### यह मुलाकात बेहद अहम

यीएम योगी की यह दोनों मुलाकातें इसलिए अहम मानी जा रही हैं, क्योंकि यूपी समेत देश के अन्य हिस्सों में भाजपा में संगठन के चुनाव चल रहे हैं. यूपी में भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलना है। इसकी कवायद तेज हो गई है। मंडल अध्यक्ष के चुनाव हो गए हैं। अब जिलाध्यक्ष के नामों का ऐलान होना बाकी है। नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का भी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। यूपी में उपचुनाव में बंपर जीत के बाद लंबे समय से योगी मंत्रिमंडल में विस्तार की चर्चाएं भी हैं। माना जा रहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ विधानसभा चुनाव के लिए अपने हिसाब से टीम तैयार करेंगे, जिसके लिए कुछ नेता सरकार से संगठन में और कुछ संगठन से सरकार में किए जाएंगे।

## एनडीए सरकार पर लगाए आरोप

# 65% आरक्षण के लिए संग्राम सड़क पर तेजस्वी यादव का धरना



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आरक्षण के मुद्दे पर सड़क पर उतर गए हैं। दरअसल इस समय बिहार विधानसभा का सत्र चल रहा है और विधानसभा में भी आरक्षण की गूंज सुनाई दी थी।

विपक्ष के नेताओं ने विधानसभा परिसर में आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। अब आरक्षण के लिए सड़क पर भी संग्राम नजर आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पटना में इस मुद्दे पर धरने पर बैठे।

### कोर्ट केस में फसाने का आरोप लगाया

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में पटना जिला राजद की ओर से महागठबंधन सरकार के दौरान बढ़ाए गए 65 फीसदी आरक्षण को लागू किए जाने को लेकर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय के समक्ष आयोजित इस धरना में पार्टी नेताओं ने राज्य और केन्द्र की एनडीए सरकार पर आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं करने, कोर्ट केस में फसाने का आरोप लगाया। इस मौके पर पार्टी के सभी प्रमुख नेता मौजूद थे।

### अभ्यर्थियों को 16% आरक्षण का सीधा नुकसान

इससे पहले तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा था, 'हमारी सरकार द्वारा बिहार में बढ़ायी गई 65% आरक्षण सीमा को रोक देने से अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा-अतिपिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 16% आरक्षण का सीधा नुकसान हो रहा है जिससे इन वर्गों के 50000 से अधिक युवाओं को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। टीआरई -3 शिक्षक नियुक्ति के तीसरे चरण में भी आरक्षण लागू नहीं होने से इन वर्गों के हजारों अभ्यर्थियों को हजारो नौकरियों का नुकसान हुआ।'

## पटना से कई शहरों की दूरी हो जाएगी कम

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण, कई शहरों की दूरी होगी कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जेपी गंगा पथ परियोजना अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कीजिये क्यों कि 31 मार्च तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दीदारगंज-बख्तियारपुर-मोकामा पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में जानकारी दी। साथ ही रेलवे से हस्तांतरित होने वाले भूमि पर प्रस्तावित पटना साहिब से पटना घाट पथ तक के निर्माण कार्य की भी जानकारी दी। इस मार्ग के शुरू होने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय जाने वाले लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी।

### सीएम कार्य को तेजी से पूरा करने का दिया निर्देश

निरीक्षण के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूरा कीजिये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस निर्माण कार्य को हमने बराबर आकर देखा है। दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ के निर्माण होने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय तक जाने में समय की बचत होगी। सीएम ने आगे कहा कि इसके शुरू हो जाने से यात्रियों को पटना शहर और पटना शहर के बाहर कहीं भी आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ परियोजना अपने आप में अद्भुत है। इससे यातायात में गतिशीलता और सहूलियत होगी।

## मुजफ्फरपुर के मंदिर में चोरी, पुजारी ने जताई नाराजगी

**मुजफ्फरपुर।** चोरों ने मंदिर में घुसकर माता दुर्गा की प्रतिमा पर लगे सोने के मुकुट और अन्य कीमती आभूषण चोरी कर लिए, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह पुजारी पूजा करने पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और माता की प्रतिमा का पर्दा भी नीचे गिरा पड़ा था। घटना के बाद से ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस की रात्रि गश्ती पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है, जिससे चोर बेखौफ होकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि जब उन्होंने आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे तो दो संदिग्ध व्यक्ति मंदिर के पास आते-जाते दिखे। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं लोगों ने चोरी को अंजाम दिया है। पुजारी और भक्तों ने पुलिस से अपील की है कि जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर मंदिर से चोरी गई सभी सामग्रियों को बरामद किया जाए। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में भय का माहौल है और वे प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

## रास्ता काटने पर जंगली बिल्ली को बेरहमी से पीटा फिर जिंदा जलाया,केस दर्ज



**मुरादाबाद।** यहां एक चौंकाने वाला सामने आया है। जहां जंगली बिल्ली के रास्ता काटने पर एक युवती और उसके साथियों ने बिल्ली को पकड़कर पीटा फिर उसे जिंदा जला दिया। साथ ही आरोपियों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड कर दिया। जानकार मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मामला भोजपुर थाना क्षेत्र का है। फैजुल्लागंज बीट प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि बीते दिनों वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो दिल्ली के नार्दन रीजन के डिप्टी डारेक्टर के यहां उसे उनके पास एक मेल आई। उसके साथ एक वीडियो भी भेजा गया था। जिससे पता चला कि फेसबुक पर राजीव सिंह नाम की आईडी से एक वीडियो अपलोड किया गया है। जिसमें एक युवती और उसके कुछ साथी बिल्ली को पकड़कर पीट रहे हैं। बिल्ली को जिंदा जलाते हुए भी वीडियो बना रहे हैं। जिस बाइक पर युवती और उसके साथी सवार थे।

## क्रिकेटर सुरेश रैना के रिश्तेदारों की हत्या का मामला

# 50 हजार रुपए के इनामी सरगना असद को पुलिस ने किया ढेर

एजेंसी ▶▶ मथुरा

19 अगस्त 2020 में पठानकोट में लूट के लिए क्रिकेटर सुरेश रैना की बुआ और फूफा समेत 3 लोगों की छैमार गिरोह ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने कुख्यात बदमाश असद उर्फ फाती के साथी राशिद उर्फ सीपाई पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने एक माह बाद ही सोरम-गोयला मार्ग पर मुठभेड़ में मुख्य हत्यारोपी राशिद को ढेर कर दिया था। असद की तलाश जारी थी।

इस मामले से जुड़े दो बदमाशों को शहर कोतवाली पुलिस ने 19 सितंबर 2022 में किदवई नगर में मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया था। एक बदमाश की पहचान जिला सहारनपुर के थाना गंगोह स्थित गांव धलापड़ा झुग्गी झोपड़ी निवासी काका उर्फ गोलू उर्फ शहजान के रूप में हुई थी, जबकि दूसरा बदमाश मुरादाबाद पीपल साना निवासी तालिब उर्फ फैजान उर्फ आसिम था। पुलिस की जांच में बदमाश राशिद का नाम सामने आया था। वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम भी घोषित था।

एक अप्रैल 2023 को शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी से मुठभेड़ में एक बदमाश राशिद घायल हो गया। उसे सीएचसी शाहपुर



पहुंचाया गया, वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राशिद छैमार गिरोह का सदस्य था। वह तीन लोगों की हत्या के मामले में वांछित था। मुजफ्फरनगर में राशिद के खिलाफ जानलेवा हमले और डकैती के मुकदमे दर्ज हैं। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया।

तीनों राज्य की पुलिस को लंबे समय से असद की तलाश में जुटी थी। डीआईजी शैलेश पांडेय ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि थाना हाईवे के कृष्णा कुंज कॉलोनी के एक घर में फाती अपने 3 साथियों के साथ छिपा है। एसओजी व हाईवे पुलिस ने घर की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली फाती के लग गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पेज एक का शेष

### सैल्यूट...

बनी थी। तब उसने श्रीलंका संग संयुक्त रूप से खिताब साझा किया था फिर एमएस धोनी की अगुवाई में भारतीय टीम साल 2013 में चैम्पियन बनी। अब रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने इतिहास रचा है। इसके साथ ही रोहित शर्मा लगातार दो आईसीसी फाइनल जीतने वाले भारत के दूसरे कप्तान भी बन गए। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को दुबई में हराकर 12 साल का सूखा खत्म किया।

### 5 मजदूरों की दम...

दौरान वे बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि निर्माण स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। पांच लोगों को टंकी से निकालकर सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मरने वालों की हुई पहचानः** पानी की टंकी करते हुए जिन चार मजदूरों की मौत हुई और जिसका मजदूर का इलाज चल रहा है। उसकी पहचान हो गई है। मृतकों में हसिपाल शेख, 19 वर्ष, राजा शेख, 20 वर्ष जियाउल्लाह शेख, 36, इमांडू शेख, 38 हैं। बचाए गए एक मजदूर का नाम पुरहान शेख (31) है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएएमसी)और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है।

### गुरुग्राम में जापानी...

बताया कि गुरुग्राम के पार्क प्लाजा सोसाइटी की 14वीं मंजिल से गिरकर जापान की रहने वाली 34 वर्षीय महिला मेडोका थामानो की संदिग हालात में मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी जापान के दूतावास को भी दे दी गई है। मेडोका थामानो के पति और दो बच्चे हैं। उनके पति बैंक में काम करते हैं। हादसे के वक्त फ्लैट में बच्चे और पति मौजूद थे। महिला कैसे गिरी इसके बारे में पुलिस जांच कर रही है। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जापानी दूतावास के भी अधिकारी ने भी वहां पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई।

### आइफा में रहा...

का सम्मान मिला।

- डिजिटल अवॉर्ड्स के विजेताओं की लिस्टः
- बेस्ट नॉन स्क्रिप्टेड सीरीजः फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री सीरीजः यो यो हनी सिंह फेमस
- बेस्ट ओरिजिनल सीरीजः कोटा फैक्ट्री सीजन 3
- बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल) सीरीजः फैसल मलिक (पंचायत 3)
- बेस्ट सपोर्टिंग रोल (फीमेल) सीरीजः संजीदा शेख (हीरामंडीः द डायमंड बाजार)
- बेस्ट डायरेक्टर (सीरीज): दीपक कुमार मिश्रा (पंचायत 3)
- बेस्ट लीडिंग रोल (मेल) सीरीजः जितेंद्र कुमार (पंचायत 3)
- बेस्ट लीडिंग रोल (फीमेल) सीरीजः श्रेया चौधरी (बैंडिश बंडित 2)

**बेस्ट सीरीजः पंचायत 3**

- बेस्ट ओरिजिनल फिल्मः दो पत्ती
- बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल) फिल्मः दीपक डोबरियाल
- बेस्ट सपोर्टिंग रोल (फीमेल) फिल्मः अनुप्रिया गोयंका (बर्लिन)
- बेस्ट डायरेक्टर (फिल्म): इम्तियाज अली (अमर सिंह चमकीला)
- बेस्ट लीडिंग रोल (मेल) फिल्मः विक्रांत मैसी (सेक्टर 36)
- बेस्ट लीडिंग रोल (फीमेल) फिल्मः कृति सेनन (दो पत्ती)
- बेस्ट फिल्मः अमर सिंह चमकीला

### मेन अवॉर्ड्स में ...

है, बल्कि हमारे फिल्म जगत का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार है। अब राजस्थान में फिल्म इंडस्ट्री के लिए दरवाजे खुले हैं।

## नौकरी के लिए खतरा बनी एमनेस्टी योजना

# 1200 राज्य कर अधिकारियों में से 1000 पर लटक रही निलंबन की तलवार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राज्य कर विभाग में लागू एमनेस्टी योजना करीब 1000 अधिकारियों की नौकरी के लिए खतरा बन गई है। खंड के प्रत्येक अधिकारी को रोजाना पांच व्यापारियों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। शासन ने लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में राज्य कर में 436 खंड हैं, जिनमें करीब 1200 अधिकारी तैनात हैं। बमुश्किल 5 से 10% अधिकारी ही रोजाना पांच व्यापारियों को योजना में जोड़ने में सफल हो रहे हैं। लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त




कार्रवाई के निर्देश प्रमुख सचिव एम. देवराज ने दिए हैं।

जोनल एडिशनल कमिश्नरों द्वारा जारी पत्र में साफ कहा गया है कि हर हाल में रोजाना पांच केस एमनेस्टी में शामिल करने ही हैं। इसे पूरा न करने वाले अधिकारी का नाम निलंबन के लिए भेज जाएगा। इसी के साथ खंडों में तैनात 1200 अधिकारियों में से करीब 1000 पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है। ऐसा पहली बार होगा जब किसी सरकारी विभाग के 90% से ज्यादा पर एकसाथ कार्रवाई होगी।

### स्वैच्छिक होने की वजह से अभी तक आए 25 हजार व्यापारी

एमनेस्टी योजना स्वैच्छिक है। व्यापारियों को इसमें शामिल करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि लगभग 1.92 लाख केसों में से अभी तक करीब 25 हजार ने ही योजना में अपील के लिए आवेदन किया है। 31 मार्च अंतिम तारीख है। सबसे ज्यादा विवादों के मामले लखनऊ जोन में हैं, जहां करीब 22 हजार केस हैं। दूसरे नंबर पर 19 हजार केस के साथ वाराणसी है। तीसरे नंबर पर 18,500 केस लेकर गाजियाबाद है। चौथे नंबर पर 14 हजार केस कानपुर में और पांचवें पर 13,500 केस मुरादाबाद में हैं। छठे स्थान पर 10 हजार मामले गोरखपुर के हैं।

